'बीट बुक में सक्रिय अपराधियों का दर्ज करें विवरण'

- 40 ग्राम चौकीदारों को वितरित की गई साइकिल व टार्च
- पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी आयोजित

जासं • श्रावस्ती : पुलिस लाइन सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षता एसपी घनश्याम चौरसिया ने की। उन्होंने विभिन्न थानों व शाखाओं से आए पुलिसकर्मियों से संवाद कर समस्याएं सुनी और निस्तारण क निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बीट क्षेत्र खाली न रहे। बीट बुक में सक्रिय अपराधियों का विवरण दर्ज कर उनकी नियमित निगरानी की जाए।

एसपी ने प्रतिसार निरीक्षक व थाना प्रभारियों को पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसरों व बैरकों में साफ-सफाई, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था व उन्हें पौष्टिक भोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों को समय-सीमा के अंदर निस्तारित किया जाए। आगामी त्योहार रविदास जयंती, शबे बारात, महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बाजार, पार्क व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें।

महिला सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो टीम बीट क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। स्कूल-कालेजों व सार्वजनिक स्थलों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाने व नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को समय से जनसुनवाई करने, आमजन से अच्छा व्यवहार रखने व सड़क से अतिक्रमण हटवाने के लिए कार्रवाई करने को कहा। एसपी ने थानों के पांच-पांच वरिष्ठ चौकीदारों (कुल 40) को साइकिल व टार्च भी वितरित किया। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ संतोष कुमार, सतीश शर्मा, अभियोजन अधिकारी अतुल द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में वरिष्ठ ग्राम चौकीदारों को साइकिल व टार्च बांटते एसपी घनश्याम चौरसिया • जागरण

इन्हें मिला सम्मान : सैनिक सम्मेलन के दौरान एसपी ने आजीवन कारावास समेत अन्य सजा कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डीजीसी केपी सिंह, एडीजीसी पंकज देव गुप्ता व कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी विष्णु सिंह व एकता पांडेय, सोनवा थाने के पैरोकार आरक्षी मुहम्मद शादाब, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर 95 लाख की ठगी व फर्जी आधार कार्ड बनाने के राजफाश में उत्कृष्ट योगदान के लिए एसओजी टीम प्रभारी नितिन यादव, मुख्य आरक्षी अवनीश विक्रम सिंह, आरक्षी वीरेंद्र यादव, अभिषेक सिंह, रिषभ गौड़, सर्विलांस सेल के अभिषेक सिंह, आरक्षी चरन सिंह को सम्मानित किया।

एसपी ने अपने अधीनस्थों को पढ़ाया दायित्वों का पाठ

अपराध गोष्ठी में अपने अधीनस्थों को सम्बोधित करते एसपी।

संदेश वाहक न्यूज

- **उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित**

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न थाना एवं शाखा से आए पुलिस कर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके निराकरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों को पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसरों और बैरकों में साफ-सफाई, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीट प्रणाली पर विशेष जोर देते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि बीट क्षेत्र किसी भी परिस्थिति में खाली न रहे। बीट बुक में सक्रिय अपराधियों का विवरण दर्ज कर उनकी नियमित निगरानी की जाए। इसके अतिरिक्त आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों को समय-सीमा के अंदर संबंधित अधिकारी घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सीएम डैशबोर्ड बोर्ड के 49 बिंदुओं पर 8 मिनट का प्रेजेंटेशन दिया गया जिससे सीएम डैश बोर्ड की स्थिति, पेंडिंग, निस्तारण आदि के बारे में समीक्षा की गई। आगामी दिनो व त्योहारों रविदास जयंती, शबे बारात, महाशिवरात्रि आदि के दृष्टिगत बाजार, पार्क व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए महिला सुरक्षा के लिए समस्त थाना क्षेत्रों की एंटी रोमियो टीम को अपने-अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया, जिससे किसी भी छेड़छाड़ या अप्रिय घटना से बचा जा सके। समस्त थानो की मिशन शक्ति टीम को थाना क्षेत्र में जागरुकता हेतु विभिन्न पंफलेट व पोस्टर का वितरण भी किया गया।

समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को पुलिस मेज पोश का वितरण भी किया गया। स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात विशेष जागरूकता अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु यातायात प्रभारी व समस्त थाना प्रभारियो को आदेशित किया। थाना प्रभारियों को समय पर जनसुनवाई करने, आमजन से अच्छा व्यवहार बनाए रखने और सड़क पर अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।